RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 352 | नागौर, 14 दिसम्बर, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी की तारीख हुई फाइनल

नई दिल्ली।



केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी की तारीख आ गई है। लगता है ये कपल 21 जनवरी से 23 जनवरी 2023 के बीच शादी करेगा। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक शादी के निमंत्रण कुछ दिनों में मेहमानों को भेज दिए जाएंगे। स्थल जहान माना जाता है, जो खंडाला में सुनील शेट्टी और माना का भव्य फार्महाउस है। वेडिंग प्लानर और इवेंट ऑर्गेनाइजर महीनों से डिटेल्स पर काम कर रहे हैं। यह एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय शादी होगी। अथिया शेट्टी और केएल राहुल दोनों कन्नडिगा हैं। जहां सुनील शेट्टी बंट समुदाय से हैं, वहीं केएल राहुल लिंगायत हैं। शादी में हल्दी, मेहंदी, संगीत और डी-डे जैसे सभी फंक्शन होंगे।

जहान को एक विशाल घर माना जाता है, जो 17 साल पहले बनवाया गया था। दंपति ने संबंध को अंतरंग रखने की योजना बनाई है। उनके आस-पास की रिश्तेदार भी रहते हैं। सुनील शेट्टी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि शादी जल्दी (जल्द) होगी। केएल राहुल और अथिया शेट्टी एक पार्टी में मिले और धीरे-धीरे प्यार हो गया। वे तीन साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अथिया शेट्टी टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया में थीं। उनकी डाइनिंग की एक तस्वीर वायरल हुई थी। ट्रोल्स ने उन पर यह कहते हुए हमला किया कि पत्नियों और गर्लफ्रेंड्स की उपस्थिति ने टीम की बॉन्डिंग को प्रभावित किया।

## विपरीत परिस्थितियों में भारत थोड़ा मुरझा सकता है, लेकिन... : पीएम मोदी

नई दिल्ली



श्री अरबिंदो की 150वीं जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन ने अपना संबोधन दिया। इस दौरान मोदी ने कहा कि श्री अरबिंदो के जन्मदिवस के पुण्य अवसर पर मैं सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि श्री अरबिंदो के 150वें जन्मदिवस के ऐतिहासिक असवर पर उनके विचारों और प्रेरणाओं को हमारी नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए इस पूरे साल को विशेष रूप से बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि जब प्रेरणा और कर्तव्य, मोटिवेशन और एक्शन एक साथ मिल जाते हैं, तो असंभव लक्ष्य भी अवश्यम्भावी हो जाते हैं। आज़ादी के अमृतकाल में आज देश की सफलताएं, देश की उपलब्धियां और सबका प्रयास का संकल्प इस बात का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि समकालीन रूप से अभूतपूर्व घटनाओं के घटित होने को अक्सर एक घटना माना जाता है। लेकिन ये संयोग हमेशा एक योग शक्ति से संचालित होते हैं।

सामूहिक ऊर्जा सभी को एक साथ बांधती है और श्री अरबिंदो का जीवन ऐसी ऊर्जा को दर्शाता है। उन्होंने साफ कहा कि श्री अरबिंदो का जीवन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब है। उनका जन्म भले ही बंगाल में हुआ था, लेकिन अपना ज्यादातर जीवन उन्होंने गुजरात और पुद्दुचेरी में बिताया। वे जहां भी गए, वहां अपने व्यक्तित्व की गहरी छाप छोड़ी। इसका साथ ही मोदी ने कहा कि अगर हम अरबिंदो के जीवन को करीब से देखें तो हम भारत की आत्मीय विकास यात्रा का अनुभव कर सकते हैं।

## राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को जान से मारने की धमकी

मुंबई।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार को उनके मुंबई स्थित आवास सिलवर ओक पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी है। धमकी देने वाले ने सिल्वर ओक में लैंडलाइन पर मंगलवार को सुबह फोन किया और कहा कि उनकी हत्या देशी कट्टे से की जाएगी। इसकी शिकायत मुंबई के गांवदेवी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है और मामले की गहन छानबीन जारी है। पुलिस के अनुसार आज सुबह सिलवर ओक आवास के लैंड लाइन फोन पर धमकी भरा फोन आया था। फोन करने वाला हिंदी में बात कर रहा था। उसने शरद पवार को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उसने की कहा कि शरद पवार की हत्या देशी कट्टे से की जाएगी। इसके बाद सिलवर ओक आवास की संचालिका ने इस मामले की शिकायत गांवदेवी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई। मामले की गहन छानबीन की जा रही है। दरअसल, शरद पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर बयान दिया था। इसी वजह से धमकी भरा फोन आने की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले शिवसेना नेता संजय राऊत को भी इसी तरह की जान से मारने की धमकी मिली थी। इसलिए मुंबई पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल छह जनवरी से होगा शुरू

**जयपुर।** जिफ ट्रस्ट की ओर जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज छह जनवरी से होगा। इस बार जिफ अपने 15वें संस्करण की तरफ आगे बढ़ रहा है। इस बार यह कई मायनों में खास होने वाला है। हालही में जिफ ने अपने टॉर्च कैम्पेन के जरिए भारत के कई शहरों में इंडियन पैनोरमा की 12 फुललैंथ फिल्मों को प्रमोट किया और उन्हें लॉन्च किया। जिफ के फाउंडर हनुरोज ने बताया कि फेस्ट में इस बार बॉलीवुड के नामी निर्देशकों की कई फेमस फिल्मी सितारों को लेकर अलग अलग विषयों पर बनाई गई छह वेब सीरीज की स्कीनिंग खास होने वाली है। फेस्ट का लॉन्चिंग इवेंट सात जनवरी को जीटी सेंट्रल आइनॉक्स में आयोजित किया जाएगा।

# 600 चीनियों को आर्मी की 3 यूनिट्स ने खदेड़ा था

## चीन ने झड़प के लिए भारत को जिम्मेदार बताया

तवांग

अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारत और चीन के सैनिकों में हाथापाई हुई। 600 चीनी सैनिकों ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश की थी। यह पोस्ट यांगत्से में है। भारतीय सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ दिया।

इधर, चीनी सैनिकों को रोकने में आर्मी की जिस बटालियन ने दिलेरी दिखाई उनका नाम सामने आया है। न्यूज एजेंसी,हृ्ठ ने सूत्रों के हवाले से बताया कि 9 दिसंबर के दिन चीनी सेना की घुसपैठ का आर्मी के जम्मू-कश्मीर राइफल्स, जाट रेजिमेंट और सिख लाइट इन्फैंट्री के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना के 5 दिन बाद मंगलवार दोपहर 12 बजे लोकसभा में इस घटना पर 3 मिनट जवाब दिया। कहा- हमारे सैनिकों को कोई गंभीर चोट नहीं है और न ही कोई मारा गया है। इसके करीब एक घंटे बाद चीन ने भी बयान दिया पर उसने तवांग का नाम तक नहीं लिया। इतना कहा कि इंडियन बॉर्डर पर हालात स्थिर हैं। चीन ने विवाद के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया।

**अरुणाचल के सीएम और भाजपा सांसद बोले- मार नहीं खाएंगे, मुंहतोड़ जवाब देंगे-** तवांग में भारत-चीन के आमने-सामने होने पर अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा- यांगत्से मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और हर साल मैं क्षेत्र के जवानों और ग्रामीणों से मिलता हूं। यह अब 1962 नहीं है। अगर कोई अतिक्रमण करने की कोशिश करता है, तो हमारे बहादुर सैनिक उन्हें जवाब देंगे। ईंट का जवाब पत्थर से नहीं, ईंट का जवाब लोहे से दे रही है हमारी वीर भारतीय सेना।

### लाठी-डंडे से लैस चीनी घुसपैठ करने आए

9 दिसंबर को 600 चीनी सैनिक घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। वे कंटीले लाठी डंडे और इलेक्ट्रिक बैटन से लैस थे। भारतीय सेना भी इस बार पूरी तरह तैयार बैठी थी। हमारी सेना ने भी कंटीले लाठी-डंडों से उनको जवाब दिया। इसमें दर्जनों चीनी सैनिकों की हड्डियां टूटी हैं।



### संसद में राजनाथ और बाहर शाह ने दिया जवाब



राजनाथ ने लोकसभा में कहा- हमारी सेनाएं भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी प्रयास को रोकने के लिए तत्पर हैं। विश्वास है सदन सेनाओं की वीरता और साहस को समर्थन देगा। यह संसद बिना किसी संशय के भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और क्षमता का अभिनंदन करेगी। तवांग झड़प को लेकर संसद में भारी हंगामा हुआ। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद के बाहर कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर चीन ने कब्जा नहीं किया। कांग्रेस ने प्रश्न काल चलने नहीं दिया। शाह ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन का प्रश्न काल में जिक्र था। इस फाउंडेशन को चीन से 1.38 करोड़ रुपए मिले थे। कांग्रेस शासन में 1962 में चीन ने हजारों एकड़ जमीन हड़प ली थी।

### तवांग में झड़प के बाद फ्लैग मीटिंग हुई, चीन से कहा- ऐसी हरकत न करें

**भारत के जवाबी हमले के बाद 11 दिसंबर को फ्लैग मीटिंग हुई और मसला शांत हुआ। विवाद वाली जगह से फिलहाल दोनों देशों की सेनाएं हट गई हैं। चीन को ऐसे एक्शन के लिए मना किया गया और शांति बनाए रखने को कहा। कूटनीतिक स्तर पर भी मुद्दा उठाया गया।**

## मौसम : 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा रात का पारा, आज से बढ़ेगी सर्दी

जयपुर।

राजस्थान में इस बार दिसंबर की सर्दी फरवरी के मौसम जैसा अहसास करवा रही है। सुबह-शाम ठंड और दिन में तेज चटक धूप की गर्मी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने-वाले मौसम का ऐसा ही स्वरूप बना रह सकता है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली रिपोर्ट देखे तो आज शहरों में रात का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। 5 शहरों को छोड़ दे तो शेष सभी शहरों में आज मिनिमम टेम्प्रेचर 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले 7-8 दिन भी मौसम का ऐसा ही स्वरूप देखने को मिल सकता है।

जयपुर मौसम केन्द्र से जारी रिपोर्ट देखे तो आज जालौर, डूंगरपुर, जोधपुर, बाड़मेर, उदयपुर में रात में टेम्प्रेचर 15 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा। 19.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ डूंगरपुर में कल सबसे कम ठंडी रात रही। भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बाड़मेर, पाली, जैसलमेर और डूंगरपुर में आज मिनिमम टेम्प्रेचर में 1 से लेकर 4 डिग्री सेल्सियस के बीच बढ़ोतरी हुई। हालांकि चूरू, हनुमानगढ़, पिलानी में तापमान में मामूली गिरावट हुई। बीती रात सबसे कम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस चूरू में दर्ज हुआ।



### 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा तापमान

आज से राजस्थान के कई शहरों में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकते है। इसके पीछे कारण उत्तर भारत में एक्टिव हुए हल्के प्रभाव के वेस्टर्न डिर्स्टबेंस का निकलना है। इस सिस्टम के कारण उत्तरी हवाओं का आना रूक गया था, जो कल से फिर से चलने की उम्मीद है। इन हवाओं के चलने से सीकर, भीलवाड़ा, कोटा, गंगानगर, बीकानेर, समेत कई शहरों में तापमान अगले एक-दो दिन में 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएंगे।

## कोटा कोचिंग में 3 बच्चों के सुसाइड की वजह डिप्रेशन

### पढ़ाई के दबाव के चलते क्लास भी नहीं जा रहे थे, पेरेंट्स को पता नहीं था



कोटा।

कोचिंग सिटी कोटा में 12 घंटे में तीन स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। सोमवार को सुसाइड करने वाले तीनों स्टूडेंट्स राजस्थान के सबसे बड़े इंस्टीट्यूट एलन में पढ़ते थे। शुरुआती इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि ये बच्चे पढ़ाई के दबाव की वजह से डिप्रेशन में चले गए। यह भी पता चला है कि ये बच्चे कुछ दिनों से कोचिंग मिस कर रहे थे। अब तक ये खुलासा नहीं हुआ कि वे कितने दिन से कोचिंग नहीं जा रहे थे। इन स्टूडेंट्स का कोई सुसाइड नोट नहीं आया है, लेकिन दोस्तों और हॉस्टल से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे क्लास और टेस्ट मिस कर रहे थे। इन सब के बीच, सोमवार को सुसाइड करने वाले दो स्टूडेंट के परिजन कोटा पहुंच गए हैं। एक स्टूडेंट की बहन और दूसरे स्टूडेंट्स के दोस्त महाराव भीम सिंह अस्पताल की मॉर्च्युरी पर मौजूद रहे।

**कोचिंग क्यों नहीं जा रहे थे?-** शुरुआती जांच में तीनों स्टूडेंटस के कोचिंग नहीं जाने की बात सामने आई है। वे लगातार अनुपस्थित चल रहे थे। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में दो कोचिंग स्टूडेंट कृष्ण कुंज पीजी हॉस्टल में रहते थे, हॉस्टल के संचालक को भी स्टूडेंट्स के कोचिंग से बंक मारने की जानकारी नहीं थी। इसको लेकर एसपी सिटी ने भी हॉस्टल संचालक से नाराजगी जताई। मामले की गंभीरता देखते हुए कलेक्टर ओपी बुनकर ने मंगलवार को कोचिंग संचालकों की बैठक बुलाई है।

**दोस्त ने फोन किया, नहीं उठाया तो हॉस्टल में आए-** सुसाइड करने वाले छात्र अंकुश का दोस्त प्रिंस उसी इलाके के हॉस्टल में रहता है। वो सुबह साथ में खाना खाने जाते थे। प्रिंस ने बताया कि सुबह 11 बजे अंकुश को कई बार फोन किया था। उसने नहीं उठाया। दोस्त को लेकर अंकुश के हॉस्टल पहुंचा। अंदर से लॉक लगा हुआ था। खिड़की से देखा तो वो फांसी पर लटका मिला। प्रिंस ने बताया कि उसके पैर जमीन पर अड़े हुए थे, तुरंत पास के रूम में रहने वाले स्टूडेंट को बताया। फिर हॉस्टल संचालक को सूचना दी। अंकुश का दीपावली से पहले एक्सीडेंट हुआ था। वो स्कूटी से गिरा था। 15 दिन पहले ही बिहार से कोटा लौटा था। वो रोज शाम साढ़े 5 बजे अपने घर पर बात करता था। बिहार के सिमराही में उसका ननिहाल है। वहां उसकी फ्रेंड रहती है, अंकुश उससे भी अक्सर बात किया करता था।

## तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव

### नीतीश बोले : मेरा टारगेट 2024 में भाजपा को हटाना, सीएम या पीएम बनना नहीं

पटना।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में सीएम पद के दावेदार नहीं होंगे। उन्होंने खुद इसकी घोषणा की है। पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक में नीतीश ने कहा- 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा में भाजपा को हराना है। मैं सीएम या पीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता।

मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा-वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि बिहार विधानसभा के बाद जो महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा। 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

विजय कुमार चौधरी ने शराबबंदी को लेकर कहा कि तमाम नेताओं के सामने मुख्यमंत्री ने यह बात साफ कर दी है कि शराबबंदी करने में सभी दलों का समर्थन मिला था। अब इस पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी इस पर सवाल उठा रहे हैं वह इस बात को समझ लें।

**नीतीश ने कहा था- तेजस्वी को आगे बढ़ाना है-** नालंदा में सोमवार को डेंटल कॉलेज का उद्घाटन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो कब से बिहार में विकास का काम करवा रहे हैं। लेकिन तेजस्वी जी जो हैं, अब इनको आगे बढ़ाना है। हमको तो जितना करना था, वो कर दिए। अब इनसे एक-एक काम करवाना है। इसके लिए अब ये सबकुछ देख रहे हैं, समझ रहे हैं। एक-एक काम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग नीतीश जी के नेतृत्व में हरसंभव कदम उठा रहे हैं। बेसिक एमेनिटीज, पढ़ाई, दवाई और कमाई को दुरुस्त करने पर काम किया जा रहा है। जेडीयू खुला राष्ट्रीय अधिवेशन में जिस तरह से जेडीयू के नेताओं ने 2024 को लेकर अपनी लाइन को क्लियर किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनेंगे।

## सरसंघचालक मोहन भागवत ने बलिदानी वीरों की श्रृंखला प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

इटानगर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पासीघाट के तालोम रुक्बो नगर के दोनी-पोलो विद्या निकेतन में अरुणाचल प्रदेश में 1962 भारत-चीन युद्ध के नायकों और अरुणाचल के वीर नायकों सहित बलिदानी वीरों की श्रृंखला से संबंधित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य वी. भगैया और अरुणाचल प्रदेश प्रांत कार्यवाह निदो सकतेर भी उपस्थित रहे।



यह प्रदर्शनी भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानियों का संग्रह है। इनका संकलन ग्रुप कैप्टन मोहंतो पैंगिंग पाओ वीएम (सेवानिवृत्त) ने किया है।

## संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर राष्ट्रपति ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद पर हमले की 21वीं बरसी पर मंगलवार को शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट संदेश में कहा-आज ही के दिन 2001 में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को राष्ट्र श्रद्धांजलि देता है। हम वीरों के साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेंगे।




उल्लेखनीय है कि 2001 साल पहले 13 दिसंबर को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद परिसर पर हमला किया था। संसद भवन की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों ने पांच आतंकियों को ढेर कर हमले को नाकाम कर दिया था। हालांकि दिल्ली पुलिस के पांच जवान, सीआरपीएफ की एक महिला सिपाही, राज्यसभा के 2 कर्मचारी और एक माली ने जान गंवाई थी। एक फोटो जर्नलिस्ट की भी मौत हुई थी।

## सम्पादकीय

# असंतुलित भागीदारी

मुख्यधारा की राजनीति में महिलाओं की कम उपस्थिति को लेकर राजनीतिक दल लंबे समय से चर्चा करते रहे हैं, लेकिन इसके सुचिंतित हल को लेकर शायद ही कभी ईमानदारी दिखाई देती है। इस बार हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद यह मुद्दा सुर्खियों में है कि वहां अड़सठ सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ एक महिला विधायक होगी। हालांकि इस बार के चुनाव में वहां अलग-अलग दलों की ओर से कुल चौबीस महिला प्रत्याशी थीं। जहां तक महिला मतदाताओं की संख्या का सवाल है, तो वहां उनका अनुपात उनचास फीसद है। चुनावों के नतीजों के बाद आए आंकड़ों के मुताबिक इस बार के विधानसभा चुनावों में महिलाओं का मतदान पुरुषों के मुकाबले ज्यादा (76.8 फीसद) रहा। हालांकि 2017 में हुए विधानसभा चुनावों में भी कुल सीटों की दृष्टि से कोई बहुत अच्छी तस्वीर नहीं थी और उसमें सिर्फ चार महिलाओं ने कामयाबी हासिल की थी। मगर महिला प्रतिनिधित्व के लिहाज से देखें तो इस बार के चुनावों में स्थिति और दयनीय हुई है। दूसरी ओर, गुजरात में भी पिछले विधानसभा चुनाव में तेरह के मुकाबले इस बार सिर्फ दो महिला प्रतिनिधियों की बढ़ोतरी हुई। जबकि वहां विधानसभा की कुल क्षमता एक सौ बयासी विधायकों की है और इस बार कुल एक सौ उनतालीस महिलाएं चुनाव के मैदान में थीं। जाहिर है, जिस दौर में हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आवाज उठ रही है, सरकारों की ओर से कई तरह के विशेष उपाय अपनाए जा रहे हैं, वैसे समय में राजनीति में महिलाओं की इस स्तर तक कम नुमाइंदगी निश्चित रूप से सबके लिए चिंता की बात होनी चाहिए। लेकिन यह केवल हिमाचल प्रदेश या गुजरात जैसे राज्यों की बात नहीं है। पिछले हफ्ते लोकसभा में सरकार की ओर से पेश आंकड़ों के मुताबिक, आंध्र प्रदेश, असम, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओड़िशा, सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना में दस फीसद से भी कम महिला विधायक हैं। देश की संसद में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन आज भी लोकसभा और राज्यसभा में महिला सांसदों की हिस्सेदारी करीब चौदह फीसद है।

यानी आमतौर पर आधी आबादी के नाम से जानी वाली महिलाओं की भागीदारी मुख्यधारा राजनीति में आज भी संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। जबकि सच्चाई यह है कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रतिनिधित्व की कसौटी पर अगर कोई सामाजिक तबका पीछे रह गया है तो बाकी सभी क्षेत्रों में उसकी उपस्थिति पर इसका सीधा असर पड़ता है। सवाल है कि जो राजनीतिक दल आए दिन महिलाओं के अधिकारों की बात करते रहते हैं, वे अपने ही ढांचे में भागीदारी के लिए कितना साहस कर पाते हैं। अमूमन सभी पार्टियां चुनाव के वक्त महिलाओं को टिकट देने के मामले में अपने वादों और दावों जितना ही उत्साह नहीं दिखा पातीं। इस तरह की कोई पहलकदमी तो दूर, संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस फीसद आरक्षण सुनिश्चित करने का मुद्दा पिछले करीब ढाई दशक से अधर में लटका है। कभी-कभार इसे लेकर सुगबुगाहट दिखाई पड़ती है, मगर महिला आरक्षण को कानून बनाने की दिशा में राजनीतिक दलों की ओर से कभी ठोस पहल नहीं की जाती। आखिर क्या वजह है कि जब संसद में बिना बहस के भी कई विधेयक पारित हो जाते हैं, तब भी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कानूनी तौर पर सुनिश्चित कराने को लेकर राजनीतिक पार्टियां गंभीर नहीं दिखती हैं?

# चुनौतियों के बरक्स एक अवसर

**भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने सदा अवसरों की तुलना में चुनौतियां अधिक रही हैं। आजादी के बाद के पहले चार दशक तक अर्थव्यवस्था सरकारी नियंत्रण में थी और उसका मुख्य जोर कृषि क्षेत्र को विकसित करने और आधारभूत संरचना के विकास पर केंद्रित था। उस दौरान भी पड़ोसी देशों से युद्ध, अकाल के कारण खाद्यान्न की कमी आदि चुनौतियों का सामना करना पड़ा। फिर भी आर्थिक नीतियों में सदा पूर्वानुमान को प्राथमिकता देते हुए सर्वांगीण विकास को महत्त्व दिया गया। 1990 के आर्थिक सुधारों के बाद आर्थिक विकास में तेजी आई, जिसके चलते आर्थिक विकास के स्तर पर आज भारत विश्व के शीर्ष मुल्कों में पांचवें पायदान खड़ा है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था तकरीबन साढ़े तीन खरब अमेरिकी डालर के बराबर है। हालांकि इन सबके बावजूद भारत के लिए आर्थिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं, जिनमें विशाल जनसंख्या के लिए रोजगार, महंगाई, गरीबी और अमीरी के बीच लगातार बढ़ती खाई, शिक्षा में गुणवत्ता का स्तर, ग्रामीण व्यक्ति के आर्थिक स्तर में प्रगति, असंगठित क्षेत्रों में संलग्न व्यक्ति यों को आर्थिक सुरक्षा, छोटे उद्योगों में लागत तथा गुणवत्ता के स्तर पर अच्छी जानकारियों का अभाव आदि मुख्य हैं।**

**जी-20** का नेतृत्व करते हुए भारत को अपने लिए कुछ आर्थिक उद्देश्य निश्चित करने चाहिए। उनमें विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थानों से बुनियादी ढांचे के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त करना और आयात लागत को तुलनात्मक रूप से कम करने के लिए आर्थिक महाशक्तियों के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाना मुख्य उद्देश्य होने चाहिए। अगर यह संभव हो पाता है, तो भारत अपना विदेशी मुद्रा भंडार सदा सुरक्षित रखने में सक्षम हो पाएगा। भारत को जी-20 देशों का नेतृत्व करना है। निश्चित रूप से यह एक ऐसा अवसर है, जिसे भारत आगामी एक वर्ष तक अपने आर्थिक दीर्घकालीन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अच्छे ढंग से नियोजित कर सकता है। अगर इसका क्रियान्वयन सकारात्मक रहा तो भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच खरब अमेरिकी डालर तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और भारत विश्व के तीन शीर्ष आर्थिक महाशक्तियों में शुमार हो जाएगा। गौरतलब है कि जी-20 की स्थापना एशिया महाद्वीप में 1997-98 के दौरान शुरू हुए आर्थिक संकट से निपटने के लिए हुई थी। उस दौरान जब थाईलैंड ने अपनी मुद्रा को अमेरिकी डालर की तुलना में नियंत्रित करने की कोशिश की, तो उसके दुष्प्रभाव फिलीपींस, मलेशिया, दक्षिण कोरिया आदि देशों पर पड़े थे। तब एशिया महाद्वीप के आर्थिक संकट का बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए विश्व के सबसे बड़े आर्थिक संगठन जी-8 को विस्तार देकर जी-20 बनाया गया था।

आज के वर्तमान परिदृश्य में जी-20 के अंतर्गत सम्मिलित सभी देशों की अर्थव्यवस्था का वर्तमान स्तर पचहत्तर खरब अमेरिकी डालर है, जो लगभग वैश्विक जीडीपी का पचासी प्रतिशत है। इसके अलावा संपूर्ण विश्व के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में जी-20 में सम्मिलित देशों का योगदान पचहत्तर प्रतिशत है। यह इस बात को स्पष्ट करता है कि जी-20 में सम्मिलित सभी मुल्क आज के दौर की सभी वैश्विक आर्थिक नीतियों के ढांचे को निर्धारित करने के पीछे मुख्य भूमिका निभाते हैं। जी-20 में शामिल मुल्कों में अमेरिका, चीन, जर्मनी, भारत और जापान की विश्व की आधी से अधिक आबादी निवास करती है। विश्व के बड़े आर्थिक संस्थान, जिनमें विश्व बैंक, आइएमएफ, संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूटीओ आदि जी-20 के मुख्य भाग हैं, इसलिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि भारत ने जी-20 जैसे आर्थिक संगठन की कमान संभाली है। इन दिनों वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता है। इसके पीछे कोरोना महामारी के आर्थिक दुष्प्रभाव कारण हैं, तो वहीं पिछले ग्यारह महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध भी एक मुख्य समस्या है। इसी वर्ष श्रीलंका का आर्थिक संकट भी पूरे विश्व ने देखा। फिर इस बात की भी सुगबुगाहट है कि अमेरिकी आर्थिक नीतियों के चलते वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी आने को है। अमेरिकी फेड द्वारा जानबूझ कर लगातार की जा रही ब्याज दरों में बढ़ोतरी से तुलनात्मक रूप से अमेरिकी डालर वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रहा है, जिसके चलते दूसरे देशों की मुद्रा पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। सभी मुल्कों में आयात महंगा होता जा रहा है, जिससे घरेलू स्तर पर महंगाई बढ़ रही है। जिन विकासशील मुल्कों ने कई वैश्विक आर्थिक संस्थानों से कर्ज लिए हुए




हैं, डालर की मजबूती उन्हें और अधिक ब्याज का भुगतान करने के लिए विवश कर रही है। रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के मूल्य बढ़ गए हैं। उर्वरकों की आपूर्ति में कमी देखी जा रही है, जो कृषि क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। इन सब आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए पूरा विश्व जी-20 से एक सकारात्मक सोच और नई नीतियों की अपेक्षा कर रहा है। पिछले दिनों जब जी-20 का नेतृत्व मिला तो इस बात पर मंथन शुरू हो गया कि इसके माध्यम से भारत अपनी अर्थव्यवस्था को क्या-क्या अवसर उपलब्ध करा सकता है? भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मुख्य चुनौतियों में कृषि क्षेत्र को उन्नत करना, बेरोजगारी का निवारण, आधारभूत संरचनाओं को वैश्विक स्तर का बनाना और निर्माण के क्षेत्र में भारत के उद्योग-धंधों को अधिक से अधिक वैश्विक अवसर उपलब्ध कराना मुख्य है। यह भी स्पष्ट है कि आज भारत वैश्विक स्तर पर अपनी क्रय क्षमता के कारण एक बड़ी पहचान रखता है, पर अब भारत को आत्मनिर्भर बनने की भी अत्यंत आवश्यकता है। जी-20 समूह के अंतर्गत विश्व के चार अन्य राष्ट्र, जो भारत से बड़ी आर्थिक महाशक्तियां हैं, उनमें भारत की चीन पर आर्थिक निर्भरता तुलनात्मक रूप से काफी अधिक है। चीन के साथ भारत का आयात पचासी प्रतिशत के आसपास है, तो वहीं निर्यात तकरीबन दस से पंद्रह प्रतिशत के बीच है। चालू वित्त वर्ष में भारत का चीन से आयात तकरीबन नवासी अरब डालर का है, तो वहीं निर्यात सिर्फ चौदह अरब डालर है। यह एक ऐसी चुनौती है, जिसका हल भारत को जल्दी तलाशना होगा और आगामी एक वर्ष में उसके माध्यम से विश्व की अन्य बड़ी महाशक्तियों को भारत के प्रति आकर्षित करना होगा अन्यथा अर्थव्यवस्था के वर्तमान आर्थिक स्तर को तेजी से बढ़ाना मुश्किल होता जाएगा। इसे इस तरह से भी लिया जा सकता है कि अगर भारत को विश्व की बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनना है, तो उसे सबसे पहले चीन के साथ आर्थिक लड़ाई में आत्मनिर्भरता की तरफ मुड़ना पड़ेगा और इसके लिए जी-20 समूह के दूसरे बड़े राष्ट्रों को आकर्षित करना एक विकल्प के रूप में उपयोग किया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले काफी समय से आधारभूत संरचना के विकास पर तेजी से काम हुआ है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण सबसे शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्थिक नीतियों की मुख्य प्राथमिकताओं में रेलवे का विकास और टेलीकाम क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता तथा समुद्री क्षेत्र का आधुनिकीकरण है।

## आज का राशिफल

### मेष
आपका आज का दिन मानसिक चिंता से भरा रहेगा। आज भावना के प्रवाह में कुछ अधिक ही बह सकते हैं। वाणी पर संयम न रहने के कारण ग्लानि का भी अनुभव हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है।

### वृषभ
आज आप तन और मन से हल्कापन अनुभव करेंगे। आपके उत्साह में वृद्धि होगी। मन भी संवेदनशीलता से भरा रहेगा। आप की कल्पनाशक्ति से कोई अच्छा काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। पारिवारिक विषयों में रुचि लेंगे।

### मिथुन
किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। आर्थिक बातों पर अधिक ध्यान देंगे। रुचिकर भोजन भी मिल सकता है। आपके काम समय पर पूरे होंगे। आर्थिक आयोजन में कुछ बाधाएं आएंगी।

### कर्क
समय रहते कठिनाई दूर हो जाएगी। नौकरी तथा व्यवसाय में पर सहकर्मचारियों के साथ वातावरण मेल-जोलभरा होगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय रहेगा। यात्रा की संभावनाएं है।

### सिंह
सुरुचिपूर्ण भोजन का स्वाद ले सकेंगे। किसी बात को लेकर आज इमोशनल बने रहेंगे। अधिक भावुकता के कारण आपके मन में चिंता रहेगी। दोस्तों से बातचीत में आज संभलकर रहें। दलीलबाजी के काम में विवाद से बचें।

### कन्या
कोर्ट-कचहरी के मामलों में आज सावधानी रखें। व्यवहार में संयम और विवेक रखना होगा। खर्च की मात्रा अधिक रहेगी। आज का दिन आनंद-उल्लास में गुजरेगा। आज विविध क्षेत्रों में लाभ होगा।

### तुला
किसी मनोहर स्थल की यात्रा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। परिजनों के साथ समय अच्छे से गुजरेगा। आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा।

### वृश्चिक
अधिकारियों के साथ आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। पदोन्नति की भी संभावना है। पारिवारिक जीवन में खुशी का वातावरण रहेगा। अधिकारियों के नकारात्मक रवैये से आपको कष्ट हो सकता है।

### धनु
शारीरिक रूप से आलस्य रहेगा। संतान के साथ मतभेद रहेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों को आज संभव हो तो टालें। खर्च होने की संभावना है। यात्रा पर जा सकते हैं। आज किसी भी नए काम का प्रारंभ ना करें।

### मकर
वाणी और व्यवहार में संयम रखें। अधिक संवेदनशीलता आपके मन को व्यथित करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। धन का खर्च बढ़ेगा। अनैतिक संबंध और नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें।

### कुंभ
आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। दलाली, कमीशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। छोटे प्रवास का योग है।

### मीन
आज का आपका दिन आपके लिए आनंददायी होगा। परिजनों के साथ दिन अच्छी तरह गुजरेगा। नौकरी और व्यापार में आपको साथियों का सहयोग मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

## देश-प्रदेश समाचार

# फिडौदा को जिला स्तर पर किया गया सम्मानित



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा के निकटवर्ती गांव फिडौद निवासी श्याम सुंदर फिडौदा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक (नेहरु युवा केन्द्र और आर टी आई एक्टिविस्ट) को कोविड-19 महामारी के दौरान उत्कृष्ट सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता के कारण जिला कलेक्टर पियूष सामरिया ने कलेक्ट्रेट सभागार नागौर में सम्मानित किया। गौरतलब है कि मूंडवा ब्लॉक में फिडौदा की सक्रियता के साथ-साथ जिला स्तर के हर कार्यक्रम को रंग देने श्याम फिडौदा अग्रणी रहते हैं । आप एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

# कुचेरा में टूटे सुनार की दुकान के ताले
## तीसरा ताला नहीं टूट पाने से टली चोरी

महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के मध्य छोटा बाजार बंशीवाला मंदिर के पास स्थित ज्वेलरी की दुकान के ताले तोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन तीसरा ताला नहीं टूट पाने के कारण चोरों को वहां से बेरंग ही लौटना पड़ा। चोरों की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई। दुकान मालिक श्रीकिशन सोनी ने दी जानकारी के अनुसार रात करीब ढाई बजे 3 चोर लोहे का सरिया लेकर उसकी ज्वेलरी की दुकान पर आए ओर दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। चोरों ने बाहर के दो ताले तो तोड़ दिए, लेकिन तीसरा ताला तोड़ने में सफल नहीं हुए, जिससे किसी भी प्रकार की वारदात को अंजाम देने में असफल हुए। घटना की सूचना पाकर आसपास के मोहल्लेवासी एकत्रित हो गए और शहर में होने वाली ऐसी घटनाओं पर रोष व्याप्त किया है। परन्तु चोरों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि रात्रि गश्त के बावजूद चोरों के हौंसले बुलंद है।

# आंकड़ों को पूर्ण रूप में साझा करना ठीक नहीं है : अभिताभ कांत

मुंबई।

भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि सरकार को आंकड़ों का प्रसार इन्हें खंड-खंड करके करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जानकारियों को पूर्ण रूप में साझा करना 'ठीक नहीं है।' यहां जी-20 विकास कार्यसमूह की बैठक को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि किसी भी देश के लिए विकास लक्ष्यों को पाने के लिहाज से आंकड़े अहम पहलू होते हैं और भारत को इसका लाभ मिला भी है। आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देते हुए कांत ने आंकड़ों को जुटाने के सरकार के तौर-तरीकों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''सरकारी आंकड़े अपने पूर्ण रूप में उपलब्ध करवाए जाते हैं जो अच्छा नहीं है। हमें इन्हें तोड़ना चाहिए।''

# बैंकों ने पिछले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक फंसे कर्ज बट्टे खाते में डाले : सीतारमण

नई दिल्ली।

बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये के फंसे कर्ज (एनपीए) बट्टे खाते में डाले हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी। वित्तमंत्री ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में कहा कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) या फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हुए उसे संबंधित बैंक के बही खाते से हटा दिया गया है। इसमें वे फंसे हुए कर्ज भी शामिल हैं जिसके एवज में चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान किया गया है। सीतारमण ने कहा, ''बैंक आरबीआई के



दिशानिर्देशों तथा अपने-अपने निदेशक मंडल की मंजूरी वाली नीति के अनुसार पूंजी का अनुकूलतम स्तर पर लाने लिए अपने अपने बही-खाते को दुरूस्त करने, कर लाभ प्राप्त करने और पूंजी के अनुकूलतम स्तर प्राप्त करने को लेकर नियमित तौर पर एनपीए को बट्टे खाते में डालते हैं। आरबीआई से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाला है।''

उन्होंने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में कर्ज को डालने से कर्जदार को लाभ नहीं होता। वे पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है। बैंक उपलब्ध विभिन्न उपायों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए राशि को वसूलने के लिये कार्रवाई जारी रखते हैं।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री नवंबर में 28 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री नवंबर, 2022 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 2,76,231 इकाई पर पहुंच गयी। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों और कारों दोनों की मजबूत मांग के चलते यह वृद्धि देखी गई है। नवंबर, 2021 में डीलरों को 2,15,626 यात्री वाहनों की आपूर्ति करायी गयी थी। वहीं यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 32 प्रतिशत बढ़कर 1,38,780 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,05,091 इकाई रही थी। इसी तरह, यात्री कारों की आपूर्ति भी इस दौरान 29 प्रतिशत बढ़कर 1,30,142 इकाई हो गई। नवंबर 2021 में 1,00,906 यात्री कारों आपूर्ति करायी गयी थी। हालांकि वैन की बिक्री पिछले महीने घटकर 7,309 इकाई रह गई।

# भारत उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी आयोजित करने वाला पहला देश होगा : वाघेला

नई दिल्ली।

भारत उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाला पहला देश होगा। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन पी डी वाघेला ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इसे क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की दृष्टि से 'डिजाइन' किया जाना चाहिए। वाघेला ने सैटकॉम पर ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के सम्मेलन में कहा कि ट्राई जल्द ही इस क्षेत्र में कारोबार सुगमता के लिए विभिन्न मंत्रालयों - सूचना और प्रसारण, अंतरिक्ष और दूरसंचार से उपग्रह संचार के लिए आवश्यक मंजूरियों को आसान बनाने के लिए सिफारिश करेगा। उन्होंने कहा कि ट्राई को नीलामी के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम और उपग्रह आधारित संचार के संबंधित पहलुओं के संदर्भ में दूरसंचार विभाग से एक संदर्भ प्राप्त हुआ है। वाघेला ने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत अंतरिक्ष आधारित स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाला पहला देश होगा।

हम इस पर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत संभवत: अंतरिक्ष आधारित स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाला पहला देश होगा। वाघेला ने कहा, ''लेकिन इससे इस क्षेत्र को नुकसान नहीं



पहुंचना चाहिए। यह बहुत महत्वपूर्ण है। हम जो भी प्रणाली ला रहे हैं वह वास्तव में इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए है, न कि कोई बोझ बढ़ाने के लिए। मेरा मतलब है, हमारे सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है और हम इस तथ्य से अवगत हैं।''

ट्राई द्वारा अभी तक उपग्रह संचार के लिए निर्धारित मानक प्रक्रिया के अनुसार स्पेक्ट्रम नीलामी पर परामर्श पत्र लाना बाकी है। इस परिपत्र की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वाघेला ने कहा कि ट्राई एक उपयुक्त मॉडल के लिए दुनियाभर के विशेषज्ञों और नियामकों के साथ चर्चा कर रहा है और इसके बाद परामर्श पत्र जारी किया जाएगा। दूरसंचार परिचालकों ने उपग्रह संचार के लिए नीलामी के जरिये स्पेक्ट्रम आवंटित करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि उपग्रह उद्योग की कंपनियों ने इसका विरोध किया है।



# कलक्टर ने किया गोपीचंद बलारा का सम्मान



कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कोरोना महामारी के समय मानवता की सेवा में कुछ लोगों के द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिये वर्ल्ड चिकित्सा संस्थान यूनिसेफ़ और कलेक्टर नागौर पीयूष समारिया द्वारा सम्मान समारोह में जीवन रक्षक समिति के अध्यक्ष गोपीचंद बलारा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जानकारी के अनुसार कोरोना काल मे अस्पताल में आई कमियों को पूरा करने के लिए यह एक कमेटी बनाई गई,जिसमे आस पास के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही अध्यक्ष गोपीचंद बलारा ने अस्पताल में मशीन उपकरण सहित अनेक कार्यो में सहयोग किया। वहीं नागौर सीएमएचो डॉ महेश वर्मा को मौलासर हॉस्पिटल में सारे संसाधन होते हुये डॉक्टरों की भारी कमी के बारे में अवगत कराया, ताकी सर्दी के मौसम में बढ़ती बीमारियों में मरीज़ों की बढ़ती भीड़ को होने वाली परेशानियों को कम किया जा सकें।

# राकेश झींझा का यूनिवर्सिटी नेशनल आर्चरी गेम में हुआ चयन

लुकमान शाह



**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** थांवला की आर्चरी अकेडमी के बालक राकेश झींझा ने यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन करके नेशनल में अपनी जगह बनाई है। कोच जगदीश कुमावत ने बताया की राकेश भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर में अध्ययन कर रहा है तथा थांवला की ष्टस्ज्ञ आर्चरी अकेडमी में प्रैक्टिस करता है। नेशनल स्तर पर भगवंत यूनिवर्सिटी टीम का प्रतिनिधित्व करेगा।

# एसडीएम ने की बीएलओ व सुपरवाईजर के कार्यों की समीक्षा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** विधानसभा क्षेत्र लाडनूं में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के तहत 17 से 19 आयुवर्ग में 40 प्रतिशत से कम नाम जोड़ने वाले बीएलओं एवं सुपरावाईजर के चुनाव कार्य की समीक्षा को लेकर पंचायत समिती सभागार मे समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम अनिल कुमार ने 235 बीएलओं को 17 से 19 आयुवर्ग की जनसंख्या अनुसार मतदाता सूची नाम जोड़ने हेतु भागवार लक्ष्य आंवटित किए गए है किन्तु अभियान आंरम्भ से अब तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में पाया गया कि कुल 45 बीएलओं की इस पैरामीटर में अर्जित प्रगति 40 प्रतिशत से कम है। संबंधित बीएलओं को आगामी 3 दिवस में प्रगति सुधार हेतु निर्देश दिए। लक्ष्य की शत प्रतिषत प्राप्ति बाबत, बीएलओं को पुन: सघन रूप से घर-घर सर्वे करने पर विषेष जोर देने हेतु निर्देषित किया गया है। सर्वे के दौरान मतदाताओं की आधार सूचनाएं अभियान समाप्ति पूर्व शत प्रतिशत करने व पूर्व में कारण बताओं नोटिस प्राप्त, बीएलओं के जवाब के अभाव एवं बार बार निर्देशों की अवहेलना के कारण कम प्रगति अर्जित बीएलओं के विरूद्ध 17 सीसीए नियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए हैं। बैठक में एसडीएम अनिल कुमार, चुनाव शाखा से हनुमानमल सोनी, वरिष्ठ सहायक सैयद मुर्तजा अली अध्यापक, राजाराम सहायक प्रोग्रामर, कन्हैया लाल सोनी सूचना सहायक आदि उपस्थित रहे।

# आज होगा मातृ सम्मेलन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के शारदा बाल निकेतन विद्यालय में बुधवार को दिन में 12:30 बजे से मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। विद्यालय के रामेश्वरलाल गौड़ ने बताया कि मातृ सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष अलका कंदोई, मुख्य आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी सुशीला चौधरी, प्रधानाचार्य सेठ शिव नारायण बंग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अनूप शेखावत एवं मुख्य वक्ता जिला प्रमुख, राष्टीय सेविका समिति नागौर बिंदु चौधरी भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर मात्र शक्ति में विशेष प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी पहुंचे मेड़तासिटी

## शहर के बस स्टैंड पर युवाओं ने गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

### कहां आगामी चुनाव में छात्र हितों की बात करने वाली पार्टी को मिलेगा युवाओं का वोट

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी मंगलवार को मेड़ता सिटी क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने यहां पर अनेक निजी कार्यक्रमों में भी शिरकत की इसके बाद शहर के बस स्टैंड पर स्थित इंदिरा रसोई में युवाओं ने निर्मल चौधरी का माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर निर्मल चौधरी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि छात्र हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे है। इसके साथ ही छात्र हित से जुड़े हुए मुद्दों को पुरूजोर रुप से उठा रहे है। चौधरी ने यहां पर साफ तौर पर कहा कि प्रदेश में जिस तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट हो रहा है इसके साथ ही युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इसी को लेकर व लगातार अपना विरोध भी दर्ज करा रहे और अगर यही हालात रहे तो आने वाले दिनों में युवा विरोध में खड़ा हुआ नजर आएगा।

उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में युवाओं का वोट उसी पार्टी को मिलेगा जो कि युवाओं के हितों की बात करेगा। उन्होंने कहा कि युवा अभी देख रहा है कि कौन सी पार्टी युवाओं के लिए बेहतर है युवाओं का वोट ही इस बार राजस्थान की दिशा में दशा तय करेगा। इस अवसर पर कपिल सेवलिया, हरी कमेडीया, लोकेंद्र बेड़ा, युवराज खंडेलवाल, संजय तिवाड़ी, श्रवण पुरी, उमेश कल्याणी, ओम भारी, रणजीत वैष्णव मौजूद रहे।

# कैंपर-वेन भिड़ंत में एक दर्जन लोग घायल

### गंभीर घायलों को थांवला अस्पताल से अजमेर किया रैफर

लुकमान शाह




**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** थांवला के समीप टेहला में कैंपर और वेन की भिड़त में करीबन एक दर्जन लोग घायल हो गए। सड़क हादसे के बाद चीख पुकार सुनकर राहगीरों और वाहन चालकों की मदद से वाहनों से बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची थांवला 108 में सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से थांवला लाया गया, जहां 6 गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर प्रकाश चौधरी ने अजमेर रेफर किया गया। वेन में सवार सभी घायल रैगर समाज के बताया जा रहे हैं। जो किसी सामाजिक बैठक में पादुकला जाकर वापस आ रहे थे। दूसरी गाड़ी कैंपर में चार लोग सवार बताए जा रहे थे। अज्ञात परिस्थिति के बीच हुए सड़क हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। गंभीर घायलों में जीवनी रैदास, सीता रैदास, संतोष रैदास, बबली रैदास, गोदाराम कुमावत, रामेश्वर कुमावत बताए जा रहे है बाकी सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# डिस्कॉम उपभोक्ताओं के हितों के लिए तत्पर : गोदावत



### डिस्कॉम की जनसुनवाई में समस्याओं का हुआ निस्तारण

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को ग्राम भकरी के आईटी केंद्र में एमडी के निर्देश पर विशेष जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। डिस्कॉम के एक्सईएन बीएल गोदावत, कनिष्ठ अभियंता कुमार सैनी सहित अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना और मौके पर ही निस्तारण किया। सरपंच अख्तर हुसैन की अगुवाई में ग्रामीणों ने बिजली संबंधी समस्या बिलिंग, पोल, कनेक्शन, ट्रांसफार्मर लगाने, सुबह 5 से 11 बजे तक बिजली कटौती नहीं, श्मशान भूमि में सिंगल फेस ट्यूबवेल का कनेक्शन सिटी लाइन से जोड़ने की मांग रखी। सामाजिक कार्यकर्ता विक्रमसिंह टापरवाड़ा ने भकरी, टापरवाड़ा, खेड़ी, कुराड़ा फीडर को विभाजित कर नया फीडर बनाने की मांग की। कुछ शिकायतें लोड एक्सटेंशन की थी तो कुछ बिजली के तार और खंभों के संदर्भ की थी। जिसमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर एक्सईएन बीएल गोदावत ने कहा कि डिस्कॉम सदैव अपने उपभोक्ताओं के हितों के लिए तत्पर है। उपभोक्ताओं समय पर बिल जमा कराएं। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर सरपंच अख्तर हुसैन, विक्रम सिंह टापरवाड़ा, यशवंत सिंह, शिंभूसिंह जैतमाल, वीडीओ रामकुंवार मौर्य, वार्डपंच सुरजन सिंह झाला, महबूब अली, गुलजार खां, पूर्णमल बंजारा, साबिर अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिक गर्म होने से जला ट्रांसफार्मर का मीटर

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** यहां के पंजाबी बाबा की प्याऊ के पास एक लोहा वेल्डिंग करने वाले गैरेज की लाइन में लगा 25 केवीए के ट्रांसफार्मर का मीटर अधिक गर्म होने से धधक उठा। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 5ः30 से इस ट्रांसफार्मर में अधिक गर्म होने के चलते और इसमें स्पार्किंग होने की वजह से मीटर में आग लग गई। विद्युत विभाग के ऋषभदेव ने बताया कि यह कनेक्शन सद्दीक नामक व्यक्ति का पर्सनल लाइन का ट्रांसफार्मर कनेक्शन लगा हुआ है जोकि लोहा वेल्डिंग का काम करता है यहां अधिक गर्म होने की वजह से इस ट्रांसफार्मर का मीटर जल गया। मौके पर जलालदिन, खुर्शीद आलम इत्यादि के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

# जन आक्रोश यात्रा का लाडनूँ में हुआ स्वागत

## कार्यकर्ताओं ने निकाली बाईक रैली

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश यात्रा का लाडनू शहर में भव्य स्वागत किया गया। यहां कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड, राहु गेट, गौरव पथ, सब्जी मंडी, सदर बाजार होते हुए बाईक रैली का आयोजन किया। यात्रा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ओडिंट ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का सर्वोच्च अंग होता है। इसलिए सभी कार्यकर्ता बराबर है हालांकि दायित्व के हिसाब से पदाधिकारियों का वर्गीकरण किया जाता है। लेकिन पार्टी सभी के लिए सर्वोपरी है। उन्होंने कहा कि जन आक्रोश यात्रा राजस्थान की जनता की आवाज है क्योंकि कांग्रेस ने आज तक इतिहास में सिर्फ घोषणाएं की हैं उनको पूरा करने का काम कभी नहीं किया। यात्रा संयोजक नाथूराम कालेरा ने अब तक चली गांव में यात्रा में लोगों द्वारा मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और आगामी 18 दिसंबर को शहरी क्षेत्र में आयोजित समापन कार्यक्रम में सभी को आमंत्रण दिया। जिला मंत्री जगदीश पारीक ने कहा कि यात्रा महिला कार्यकर्ताओं और युवाओं के सहयोग से पूरी सफल रही है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ओडिंट, जन आक्रोश यात्रा विधानसभा संयोजक नाथूराम कालेरा, जगदीश पारीक, मनीष राजपुरोहित, श्यामसुंदर पंवार, जिला परिषद सदस्य मरूधर कंवर, भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा सुनीता वर्मा, ब्रजराज सिंह, नवरतन खीचड़, मुरलीधर सोनी, सुरेश खिंची, महामंत्री राजेश शर्मा, पार्षद विजयलक्ष्मी पारीक, रेणु कोचर, लूणकरण शर्मा, रमेश सिंधी, पृथ्वीसिंह जेतमाल, चेतन भोजक, रूबल बड़जात्या , शौकत खां, मीडिया प्रभारी बनवारीलाल शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ मुन्ना, मुरलीमनोहर जांगिड़, युवराज सिंह, महावीर गुर्जर, मुकेश जांगीड़ आदि उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

महबूब खोखर



**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की चिरंजीवी योजना से वंचित परिवारों को जोड़ने के लिए शहर के नगरपालिका सभागार में मंगलवार को मूण्डवा तहसीलदार मनीराम खीचड़ की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मूण्डवा के उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में सभी वंचित परिवारों को जोड़ते हुए शत प्रतिशत परिवारों को चिरंजीवी परिवार बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए। योजना के संदर्भ में वार्ड पार्षदों को जानकारी दिए जाने के साथ ही इसमें पात्रो को जोड़े जाने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।योजना के प्रति अपने-अपने वार्डों में लोगों को जानकारी दिए जाने के लिए प्रेरित किया।

ताकि कोई भी पात्र इस योजना के लाभ से वंचित न रह सके। नगरपालिका ईओ रामरतन चौधरी ने कुचेरा क्षेत्र में जो भी लोग इससे वंचित हैं उन्हें रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए जागरूक किया जाए तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को रजिस्ट्रेशन करवाया जाए ताकि उन्हें स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सके। बैठक में पटवारी ममता मंडा, रामलाल चौधरी, अजय जोशी, मनोनीत पार्षद रामलाल, सुबान खोखर रामेश्वर देवासी, पार्षद सद्दाम धोबी सहित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

# मकराना विधायक मुरावतिया ने तेलंगाना में प्रजा संग्राम यात्रा में लिया भाग



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना विधायक रुपाराम मुरावतिया सोमवार से तेलंगाना के दौरे पर हैं। इस दौरान विधायक मुरावतिया ने तेलंगाना के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बंदी संजय कुमार द्वारा आयोजित की जा रही प्रजा संग्राम यात्रा में शिरकत की। यह यात्रा तेलंगाना में अपने पांचवे चरण में हैं जो कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा जन चेतना हेतु चलाई जा रही है। इस यात्रा में विधायक मुरावतिया करीमनगर जिले के पुडुर जगतियाल गांव में हजारों लोगों के साथ चल रही यात्रा में सम्मिलित हुए एवं प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद संजय कुमार का दुपट्टा ओढाकर स्वागत करते हुए यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने विधायक से राजस्थान के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की एवं यात्रा में साथ चल रहे अनेक जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों ने भी विधायक मुरावतिया का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं राजनीतिक चर्चा की। विधायक मुरावतिया 16 दिसंबर तक तेलंगाना दौरे पर रहते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

# पिन्टूलाल जाट होंगे डेगाना के नये अधिशाषी अधिकारी

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** स्वायत शासन विभाग जयपुर द्वारा प्रशासनिक कारणों से राजस्थान नगरपालिका सेवा के तहत डेगाना के अधिशाषी अधिकारी सुनिल चौधरी का तबादल करते उनको नगरपालिका मूण्डवा के ईओं पद पर लगाया। वंही नगरपालिका मूण्डवा से पिन्टूलाल जाट को डेगाना नगरपालिका के ईओ के पद पर लगाया। इसी प्रकार से डेगाना नगरपालिका में राजस्व अधिकारी जितेन्द्र खीचड़ को भी सरकार ने आदेश जारी कर एपीओ कर दिया, लेकिन दूसरे को नहीं लगाने से डेगाना नगरपालिका में राजस्व अधिकारी का पद रिक्त है।



# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने मुरावतिया का किया अभिनंदन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चिकित्सा विभाग में कार्यरत लॉयन्स क्लब परबतसर के पूर्व सचिव लॉयन बिरमाराम मुरावतिया का वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन से तकनीकी अधिकारी के पद पर पदोन्नत होकर राजकीय चिकित्सालय कुचामन में ज्वॉइन करने पर अभिनंदन किया। डॉ शकील राव एवं डॉ विजयकुमार गुप्ता के सानिध्य में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, लॉयन्स चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन नरेन्द्र शर्मा, लॉयन जितेन्द्रसिंह राजपुरोहित, लॉयन रचित नंदवाना, भिवाराम कुमावत, राकेश पुनिया ने लॉयन बिरमाराम मुरावतिया का माला एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया तथा शुभकामनाएं दी।

# मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चुराने के 2 शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) :



मेड़तासिटी पुलिस ने सातलावास में एक मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित घरेलू सामान चुराने के प्रकरण में 2 शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी राजस्थान सहित गुजरात में भी चोरी व लूट तथा नकबजनी के कई प्रकरणों में वांछित है।

पुलिस के अनुसार 27 मई 2022 को सातलावास निवासी प्रतीक लटियाल पुत्र सेवाराम ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव में दो मकान है। एक मकान गांव में है जहां वे सपरिवार रहते हैँ जबकि दूसरा मकान गांव में मेड़ता सिटी रोड हैं जो आबादी से थोड़ा दूर है। आरोपियों ने मकान का ताला तोड़कर उसमें से सीसीटीवी कैमरे की एलईडी व मशीन, टीवी, लोहे की आलमारी में से सोने की चेन, कान की बालिया, यानि 2 तोले के करीब चांदी की चेन की जोड़ी, चांदी की पूजा की थाली, छह चांदी के गिलास सहित सोने चांदी के अनेक आभूषण चुरा लिए। साथ ही चोरों ने 4 क्विंटल जीरा भी चुरा लिया था। मामला दर्ज होते ही एसपी राममूर्ति जोशी के निर्देश पर एएसपी राजेश मीणा व डीएसपी मेडता नरेन्द्रसिंह मीणा के निकटतम सुपरविजन में मेड़ता थानाधिकारी रोशनलाल सामरिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ की और उन्हें दस्तयाब किया तो उसमें से दो आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। इस आधार पर पुलिस ने मेड़ता के ही जसवंताबाद निवासी खेताराम पुत्र गीगाराम बावरी तथा पाली जिले के कालू आनंदपुर के लांबिया गांव निवासी सेठाराम पुत्र पप्पूराम बावरी को गिरफ्तार कर लिया।

**इस तरह देते थे वारदात को अंजाम :** एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ है कि आरोपी शातिर नकबजन है। ये हाइवे पर चलते वाहनों में चढ़कर तिरपाल खोल सामान चुराते हैं। रात्रि के समय ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर रैकी करते हैं फिर वाहन इत्यादि व घरों में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। बताया जाता है कि शराब पीने के शौकीन दोनों नकबजन मौज मस्ती के लिए चोरियां करते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर बरामदगी के लिए 3 दिन का रिमांड लिया है। पुलिस के नअुसार आरोपी खेताराम के खिलाफ उदयपुर, पाली, अजमेर व मेड़ता में कुल 5 प्रकरण दर्ज है। जबकि आरोपी सेठाराम के खिलाफ विभिन्न थानों में 9 प्रकरण दर्ज है। अब पुलिस गंभीरता से अनुंसधान व पूछताछ कर रही है।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ किसानों को दिलाने में रहेगी मेरी प्राथमिकता : भादू

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हुकमाराम ताडा



**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक ऊकाराम डूकिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष मेघा राम भादू ने कार्यभार ग्रहण किया। वहीं उपाध्यक्ष विजय राज रेगर, संचालक मंडल सदस्य सुमन कंवर, अमर सिंह, श्याम सिंह, प्रेमाराम, तिलोक राम, लक्ष्मण सिंह, कांता कंवर, किशोर सिंह, मनीष, शेराराम सहित मौजूद रहे। इस मौके पर ग्राम सेवा सहकारी समिति परिसर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष के अलावा संचालक मंडल सदस्यों का ग्रामीणों ने साफा बंधवा कर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष भादू ने कहां कि जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है इस जिम्मेदारी पर पूर्ण रूप से खरा उतरूंगा।

मेरा प्रयास रहेगा कि ग्राम सेवा सहकारी समिति के अधीन सभी किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि चंपालाल देवड़ा, जुगल किशोर शर्मा, उमेद सिंह राठौड़, मगराज देवड़ा, नरेश भाटी,गणपत माली सहित मौजूद रहे।

# अवैध बिजली कनेक्शन मामले की जांच करने पहुंची विजीलेंस टीम

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के बिजली विभाग के एईएन ओपी बाना ने जानकारी देकर बताया कि डेगाना में अवैध बिजली कनेक्शन देने की शिकायत के एक मामाले की जांच करने के लिए मंगलवार को अजमेर से विजीलेंस की टीम ने डेगाना आकर मामले की जांच की तथा कनेक्सन देने संबधि सभी प्रकार से दस्तावेंजों की जांच की। इसके अलावा विजीलेंस टीम ने दोनों पक्षों को भी मोके पर बुलाकर उनकी बात सुनी। विजीलेंस टीम ने मौके पर भी जाकर दिये गये कनेक्सन की जांच की। टीम मे एम के सिंघल, गोर्वधन सिंह सहित टीम द्वारा जांच की जिसमे टीम प्रभारी एमके सिंघल ने बताया की सीएमओं से मिली शिकायत की जांच की जा रही है। जिसकी रिर्पोट उच्चधिकारियों को सोंपी जायेगी। शिकायतकर्ता के अनुसार बिजली विभाग द्वारा पुराने एक चक्की के कनेक्सन होने के बावजूद उसी दुकान मे एक ओर कनेक्सन कर दिया।



# सीकर गोलीकांड : ताराचंद कड़वासरा के परिवार की मदद के लिए आगे आए नागौर सीआरपीएफ परिवार के सदस्य

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** पिछले दिनों सीकर में हुए गोलीकांड में नागौर जिले के दोतीणा गांव के निवासी ताराचंद कड़वासरा की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड की खबर सुनकर नागौर जिले के सीआरपीएफ में सेवारत एवं अन्य सदस्यों को बहुत दु:ख हुआ तथा जरूरतमंद परिवार के लिए यथासंभव सहयोग राशि प्रदान करने के योजना बनाई। आतंकवाद, अलगाववाद, नक्सलवाद जैसे इलाको - नॉर्थ ईस्ट, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर में तथा अन्य दूरगामी स्थान पर तैनाती के उपरांत भी नागौर जिले के सेवारत सदस्यों तथा नागौर जिले के सदस्यों से प्रेरित होकर अन्य जगह के सदस्यों ने भी इस कार्य हेतु हाथ बढ़ाया। इस मुहिम के तहत कुल राशि रु.एक लाख इक्कावन हजार एक सौ एक रूपये एकत्रित हुई जो जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहयोग दिया गया ताकि बेटा और बेटियों की पढ़ाई में छोटा सा सहयोग हो सके। सीआरपीएफ के सदस्यों द्वारा किए गए नेक कार्य हेतु क्षेत्र के लोग उनकी देश सेवा के लिए वीरता तथा सामाजिक कार्यों हेतु दयालुता की हृदय से प्रशंसा करते दिखे।

# कॉपरेटिव बैंक के नवीन भवन का हुआ शुभारम्भ

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में मंगलवार को कॉपरेटिव बैंक के नए स्थान पर शिफ्ट होने पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समिति परिसर में स्थित दुकानों को उद्घाटन समारोह के मौके पर आकर्षक सजाया गया। साथ ही ढोल ढमाके के साथ फीता काटकर कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष चैनाराम खीचड़ व विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने शुभारंभ किया। इससे पूर्व पंडित संदीप मिश्रा ने वैदिक मंत्रौच्चारण कर बैंक व्यवस्थापक ओमप्रकाश जाट, नेमीचंद कुमावत ने पूजा अनुष्ठान सम्पन्न किया। विकास समिति अध्यक्ष सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए कॉपरेटिव बैंक को समिति कार्यालय की दुकानों में शिफ्ट किया गया है, जिससे किसानों को एक ही जगह बैंक सुविधा, दवा, कीटनाशक, यूरिया, फसल संबंधी जानकारी ,फसल बीमा सहित आदि सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध हो सकेगी।

**ये गणमान्य लोग रहे उपस्थित :** इस दौरान कोपरेटिव अध्यक्ष चेनाराम खीचड़, विकास समिति अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र सिंह, सरपंच केला देवी बावरी, बैंक व्यवस्थापक ओमप्रकाश जाट, नेमीचंद कुमावत,उधोगपति प्रकाश चंद सोमानी, प्रौप्रटी डीलर लक्ष्मण योगी, नावां सेन्ट्रल कोपरेटिव बैंक मैनेजर नितेश यादव, लोंन सुपरवाईजर मेवाराम चौधरी खाखड़की, मैनेजर सुरेश चौधरी, वार्ड पंच प्रेमसुख योगी, समिति संचालक मंडल सदस्य व भंवर बिजारणिया, गोपाल खीचड़, गुल्लाराम बाजडोलिया, विजय सिंह खारड़िया, मुलाराम पोषक, हरीकेन कुमावत,भूपेंद्र सिंह पलाड़ा ,गोपाल बाजडोलिया, प्रभुराम पोसक,गौशाला उपाध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, बिरमाराम खीचड़, अशोक सांभरिया, गिरीराज सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# ओम गणेश क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### -इंदिरा कॉलोनी क्रिकेट क्लब मूंडवा, टॉप इलेवन मूंडवा व झुझंडा की टीमे रही विजेता

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा शहर के पौखण्डी तालाब के ग्राउंड पर आयोजित ओम गणेश क्रिकेट कप प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ मंगलवार को मूंडवा उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया ने फीता काटकर के किया। आयोजन समिति ने मूंडवा उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया, मूंडवा तहसीलदार मनीराम खीचड़, मूंडवा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि रेवंत राम डांगा, लक्ष्मीनारायण मुंडेल, शिवकुमार राव नागौर पार्षद सहित सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मूंडवा उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया ने कहा कि युवाओं को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आयोजन समिति के विशाल कंदोई ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में इंद्रा कॉलोनी क्रिकेट क्लब, टॉप इलेवन मूण्डवा, झुझण्डा क्रिकेट क्लब विजेता रही।

# एलबीएस स्कूल का जम्बूरी पूर्व प्रशिक्षण गोविंदी में हुआ संपन्न



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारत स्काउट एंड गाइड की ओर से रोहट पाली में आयोजित की जा रही 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लाल बहादुर शास्त्री उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी का जम्बूरी पूर्व प्रशिक्षण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदी नावां में संपन्न हुआ, जिसमें जम्बूरी में भाग लेने वाले स्काउट्स को स्काउटर मोहनसिंह सेवदा के द्वारा जम्बूरी से सम्बंधित दिशा निर्देश दिए गए तथा कैंप के लिए आवश्यक सामग्री के निर्माण के लिए बताया गया। इस मौके पर स्काउटर सदस्य मदनलाल रूनीवाल, राजेश कुमार, हनुमान लेगा, दिनेश कुमार सहित जम्बूरी में भाग लेने वाले स्काउटर मौजूद रहे।

# श्रेष्ठ कार्य करने पर एसडीएम ने शिक्षकों को किया सम्मान



हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी डॉ धीरज कुमार सिंह ने श्रेष्ठ कार्य करने पर शिक्षकों का सम्मान किया। निर्वाचन आयोग का श्रेष्ठ कार्य करने पर बैराथल कला विद्यालय के शिक्षक मेहराम छिरंग को उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया है। उपखण्ड अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह ने शिक्षक छिरंग को सम्मानित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि रामेश्वर लाल पंचारिया, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजूराम खदाव भी मौजूद रहे।

# जन आक्रोश यात्रा में सरकार पर साधा निशाना

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा की प्रदेश भर निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा का मारोठ में भव्य स्वागत किया गया। मंगलवार को जन आक्रोश यात्रा मारोठ हॉस्पिटल के पास पहुंची, जहाँ पर सैकड़ों युवा मोटरसाइकिले लेकर आक्रोश जन यात्रा में शामिल हुए। मोटरसाइकिलों के साथ आक्रोश जन यात्रा मारोठ के नला बाजार होते हुए मुख्य बाजार गोपीनाथ मंदिर प्रांगण के सामने पहुंची जहां पर एक विशाल आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया।

**केंद्र की तरह स्टेट में भी भाजपा को दें जनाधार :** गांवो में जन आक्रोश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने जो योजनाएं लागू की है वह वाक्य में अभूतपूर्व है अबकी बार राजस्थान में भी भाजपा सरकार को बहुमत दिलाएं ताकि केंद्र और स्टेट सरकार मिलकर 100 प्रतिशत विकास के कार्य कर सकें। आक्रोश जनसभा में पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष व नागौर भीष्म पितामह कहलाने वाले हरीश कुमावत, पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, किसान मोर्चा व बीकानेर संभाग के प्रभारी ज्ञाना राम रणवां, खारिया सरपंच देवीलाल दारवाल, समाजसेवी मनीष व्यास, मारोठ मंडल अध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि चुनीलाल माली, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजयपाल सियाक, नागौर महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी गावड़िया, नावा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रकाश गांधी, नावा पार्षद महेश बोहरा सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांव के विकास में नहीं रहेगी कमी : जाकिर

### सीसी ब्लॉक सड़क का निर्माण हुआ शिलान्यास



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को स्थानीय वार्ड संख्या 9 में ॠषि भवन से सदर बाजार की तरफ बनने वाली बहुप्रतीक्षित सीसी ब्लॉक सड़क का विधिवत शिलान्यास हुआ। सरपंच जाकिर हुसैन ने ग्रामीणों की बरसों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जाकिर ने कहा कि गांव के विकास में कोई कमी नहीं रखी जायेगी। गांव के विकास में प्राथमिकता के साथ हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी सुलेमान मौलाना, सुल्तान मोहम्मद, वार्डपंच रामदेव प्रजापत, पांचूराम बंजारा, राधेश्याम दायमा, नरेंद्र बंजारा, सुलेमान चौहान, गजेंद्र वैष्णव, अमित दायमा, सफी मोहम्मद मोरजाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीकेएस मकराना हॉस्पिटल में हुआ डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन

मोहम्मद शहजाद




**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के जूसरी रोड़ पर स्थित सीकेएस मकराना हॉस्पिटल में मंगलवार को डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। इस दौरान मकराना उपखंड अधिकारी जेपी बैरवा ने डायलिसिस यूनिट का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर मकराना थानाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, सीकेएस हॉस्पिटल के डायरेक्टर हाजी अल मक्की गैसावत, डॉ. राशिद खान, डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. सुभाष सैनी, डॉ. तस्लीम नूरी, डाक्टर इमरान, अबुल हसन उर्फ पप्पू गौरी, फिरोज पाजी सहित अन्य मौजूद थे।

उपखण्ड अधिकारी बैरवा ने डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन करने के पश्चात हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू, एक्सरे, लैब, ऑपरेशन थियेटर तथा वार्डो का निरीक्षण भी किया। सीकेएस हॉस्पिटल के डायरेक्टर हाजी अल मक्की गैसावत ने जानकारी देते हुए बताया की अमीरिकी तकनीक द्वारा डायलिसिस मशीन से मरीजों की जांच में आसानी होगी। मरीजों की मांग को देखते हुए मकराना में डायलिसिस की दो मशीनों से शुरुआत की जा रही है और आगामी समय में मशीनों को बढ़ाकर सेवाओं में विस्तार किया जाएगा।

गैसावत ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत किड़नी के मरीजों का उपचार मकराना में ही हो और मकराना सहित आसपास ग्रामीण के मरीजों को जयपुर, अजमेर या कहीं दूसरी जगह जाने की जरूरत नहीं होगी। गैसावत ने बताया की सीकेएस मकराना हॉस्पिटल में आपातकालीन सेवाएं 24 घण्टे उपलब्ध है।

# पालिका के ट्रेक्टर ने दो बाईक को मारी टक्कर

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना सदर बाजार से कचरा उठाने का काम करने वाले नगरपालिका के ट्रेक्टर चालक ने मंगलवार को दोपहरी मे भीड़ भाड़ वाले इलाके मे लापरवाही से चलाकर सडक पर अपनी बाईक पर खडे दो सवारों को टक्कर मार दी, जिसमें बाईक चालकों को तो मामूली चोटे आई लेकिन ट्रेक्टर के टायरों के नीचे आने से दोनो बाईक चकनाचूर हो गई। बाईक चालक भंवरलाल सेन पुत्र कालुराम सेन निवासी पण्डवाल ने बताया की वह अपनी बाईक के साथ दुकान से सामान लेने के लिए खड़ा था इसी बीच बालाजी मिष्ठान भंडार के सामने पालिका के ट्रेक्टर चालक ने टक्कर मारी दी। मामला पुलिस थाने तक पहुंचा लेकिन पार्षद रामचंद्र डूडी ओर अन्य लोगो ने बाईक को हुये नुकसान की भरपाई कराने को लेकर दोनो पक्षों के बीच आपस मे समझोता करवा दिया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com